संपादकीय

# सभी पक्ष गंभीर पहलू पर विचार करें

यह बात शायद ही किसी के गले उतरेगी कि दोनों सदनों में संविधान के 75 साल पूरा होने के मौके पर दो-दो दिन की बहस या समाजवादी पार्टी को संभल के मुद्दे पर बोलने का मौका देना सरकार का झुकना है।

संसद की कार्यवाही ना चलने देने के मुद्दे पर आखिरकार सरकार अपनी मनवाने में सफल रही। यह संभव हुआ, क्योंकि विपक्षी दलों के बीच रणनीति को लेकर बिखराव हो गया। अडानी और मणिपुर जैसे महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर बहस के लिए सरकार को मजबूर करने की कांग्रेस की प्राथमिकता से क्षेत्रीय दलों के मतभेद इतने गहराए कि वह अलग-थलग पड़ गई। उन दलों की अपनी प्राथमिकताएं हैं, जिन्हें सदन में उठाकर अपने समर्थक तबकों को वे संदेश देना चाहते हैं। वैसे भी किसी बड़े पूंजीपति के मुद्दे पर एक सीमा से ज्यादा जोर देना ज्यादातर दलों को अपने माफिक नहीं लगता। यह बात शायद ही किसी के गले उतरेगी कि दोनों सदनों में संविधान के 75 साल पूरा होने के मौके पर दो-दो दिन की बहस या समाजवादी पार्टी को संभल के मुद्दे पर बोलने का मौका देना सरकार का झुकना है।

संविधान के लिए भारतीय जनता पार्टी सरकार को खतरा बताने की विपक्ष- खासकर कांग्रेस की रणनीति वैसे भी परवान नहीं चढ़ी है। हकीकत यह है कि संविधान को आरक्षण के समानार्थी बताते हुए इसके रक्षक के रूप में खुद को पेश कर विपक्ष ने भी इस मुद्दे के साथ न्याय नहीं किया है। पिछड़ी जातियों के प्रतिनिधित्व एवं पहचान के मुद्दे पर भाजपा को घेरना एक भटकी रणनीति साबित हुई है। इसीलिए इसका चुनावी लाभ भी ये दल नहीं उठा पाए हैं। चूंकि विपक्षी दल अपनी एकता के लिए बड़े साझा मकसद की तलाश नहीं कर पाए हैं, इसलिए संसदीय गतिरोध की रणनीति का जो हश्र हुआ, उसका अनुमान लगाया जा सकता था।

बहरहाल, बड़ा सवाल यह है कि देश के सामने जो सबसे ज्वलंत मुद्दे हैं, संसद में उन ही बहस नहीं होगी, तो फिर प्रभावित एवं पीड़ित लोगों की निगाह में इस मंच का क्या महत्त्व रह जाएगा? संसद की प्रमुख भूमिका बेशक विधायी कार्यों को निपटाना है, मगर यह राष्ट्रीय चिंताओं और जन आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति का मंच भी है। ऐसी अभिव्यक्तियों के अवसर को सीमित करना लोकतंत्र के लिए अच्छी खबर नहीं है। बेहतर होगा, सभी पक्ष फौरी हार-जीत की मानसिकता से उठ कर इस गंभीर पहलू पर विचार करें।

# वित्त वर्ष 2024 में जेप्टो के खर्च में 71 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि, 1,248 करोड़ रुपये रहा घाटा

नई दिल्ली

ब्लिंकिट की प्रतिद्वंद्वी कंपनी जेप्टो के खर्च में वित्त वर्ष 2024 में 71.6 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई और यह बढक़र 5,747 करोड़ रुपये हो गया, जबकि कंपनी को 1,248.6 करोड़ रुपये का घाटा हुआ।

क्विक कॉमर्स कंपनी के लिए नियोजित पूंजी पर रिटर्न (आरओसीई) -119.3 प्रतिशत रहा और इसका ईबीआईटीडीए मार्जिन -23.81 प्रतिशत रहा।




वित्त वर्ष 2024 में जेप्टो का परिचालन राजस्व 4,454 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023 में 3,350 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष में 2024 में 4,454 करोड़ रुपये कमाने के लिए 5,747 करोड़ रुपये खर्च किए।

आदित पालीचा द्वारा संचालित कंपनी ने अपने सूचना प्रौद्योगिकी और विज्ञापन व्यय में क्रमश: 65.7 प्रतिशत और 40.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 116 करोड़ रुपये और 303 करोड़ रुपये की वृद्धि देखी।

कंपनी ने वेयरहाउसिंग लागत में 493 करोड़ रुपये और डिलीवरी व्यय में 580 करोड़ रुपये खर्च किए।

आय की बात करें तो उत्पादों की बिक्री से होने वाली आय कुल परिचालन राजस्व का 89 प्रतिशत से अधिक होती है, और शेष आय डिलीवरी, वेयरहाउसिंग और विज्ञापन सेवाओं से आती है।

कंपनी के वित्तीय विवरणों के अनुसार, जेप्टो ने गैर-परिचालन आय से भी 44 करोड़ रुपये कमाए।

वित्त वर्ष 2024 में कंपनी की मौजूदा संपत्ति 1,398 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने हाल ही में मोतीलाल ओसवाल प्राइवेट वेल्थ के नेतृत्व में 5 बिलियन डॉलर के वैल्यूएशन पर एक फंडिंग राउंड में 350 मिलियन डॉलर कमाए।

पिछले हफ्ते, पालीचा ने कहा कि वह वर्क-लाइफ बैलेंस के खिलाफ नहीं हैं और अपने प्रतिद्वंद्वियों को भी इसकी सलाह देते हैं।

उनका यह बयान एक वायरल पोस्ट के बाद आया है जिसमें क्विक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर टॉक्सिक वर्क कल्चर का आरोप लगाया गया था।

एक उपयोगकर्ता द्वारा रेडिट पोस्ट में आरोप लगाया गया था कि जेप्टो का वर्किंग एनवायरमेंट टॉक्सिक है, जिसमें कर्मचारी 14 घंटे की थकाऊ शिफ्ट में काम करते थे। इसने दावा किया कि कंपनी कर्मचारियों पर मांग के साथ दबाव भी डालती है।

क्विक कॉमर्स में, स्विगी के इंस्टामार्ट द्वारा कैटेगरी इन्वेंट करने के बावजूद, जोमैटो के ब्लिंकिट ने शुरुआती बढ़त हासिल कर ली है और जेप्टो ने अच्छा प्रदर्शन जारी रखा है।

# आरबीआई का किसानों को बड़ा तोहफा, बिना ब्याज के मिलेगा 2 लाख का लोन

नई दिल्ली



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा में किसानों के लिए एक बड़ी घोषणा की है। अब किसान बिना किसी ब्याज के 2 लाख रुपये तक का कृषि ऋण ले सकेंगे। इससे पहले यह सीमा 1.6 लाख रुपये थी। यह फैसला बढ़ती महंगाई और कृषि लागत को देखते हुए लिया गया है।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि यह फैसला छोटे और सीमांत किसानों को वित्तीय संस्थानों से कर्ज लेने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि महंगाई और कृषि में उपयोग होने वाले कच्चे माल की लागत में वृद्धि को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की पांचवीं मॉनेटरी पॉलिसी मीटिंग में लगातार 11वीं बार पॉलिसी रेट में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा. हालांकि इकोनॉमी में नकदी बढ़ाने के मकसद से केंद्रीय बैंक ने सीआरआर (कैश रिजर्व रेश्यो) को 4.5 फीसदी से घटाकर चार फीसदी कर दिया. इस कदम से बैंकों में 1.16 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त नकदी उपलब्ध होगी.

सीआरआर के तहत वाणिज्यिक बैंकों को अपनी जमा का एक निर्धारित हिस्सा नकद भंडार के रूप में केंद्रीय बैंक के पास रखना होता है। इसके साथ ही आरबीआई ने मौजूदा स्थिति को देखते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 7.2 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष में खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को भी 4.5 प्रतिशत बढ़ाकर 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है।

# ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत: जसप्रीत बुमराह ने 12वीं बार लिया 5 विकेट हॉल, बनाए रिकॉर्ड्स

नईदिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच खेले जा रहे गाबा टेस्ट में जसप्रीत बुमराह ने 5 विकेट झटके हैं। यह उनके टेस्ट करियर का 12वां 5 विकेट हॉल है।कंगारू टीम के खिलाफ यह तीसरा मौका है, जब उन्होंने 5 विकेट हॉल लिया है। उनके तीनों 5 विकेट हॉल ऑस्ट्रेलिया में आए हैं।इस सीरीज में यह दूसरी बार है जब बुमराह ने 5 विकेट हॉल लिए हैं। पहले टेस्ट में भी उन्होंने यह कारनामा किया था।

बुमराह ने उस्मान ख्वाजा (21), नाथन मैकस्वीनी (9), मार्नस लाबुशेन (12), स्टीव स्मिथ (101) और ट्रेविस हेड(152) को पवेलियन भेजा।ऑस्ट्रेलिया के शीर्षक्रम के शुरुआती 5 विकेट बुमराह ने ही लिए। स्मिथ (101) और हेड (152) ने कंगारू टीम की पारी संभाल ली।इसके बावजूद बुमराह अकेले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों से लड़ते रहे। उनका साथ किसी भी भारतीय गेंदबाज ने नहीं दिया।बता दें कि पर्थ टेस्ट में भी बुमराह ने कप्तान के तौर पर 5 विकेट हॉल लिया था।

# भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में, इक्विटी बाजार पर सकारात्मक रुख बरकरार

मुंबई

मोतीलाल ओसवाल प्राइवेट वेल्थ (एमओपीडब्ल्यू) की शनिवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025 की दूसरी छमाही में भारत की आर्थिक गति में सुधार होने की उम्मीद है, जो चुनावों के बाद सरकारी पूंजीगत व्यय में उछाल, ग्रामीण खपत में सुधार और त्योहारी सीजन की मांग जैसे कारकों की वजह से संभव हो पाया है।

अल्फा स्ट्रैटेजिस्ट रिपोर्ट में कहा गया है कि विकास स्थिर बना हुआ है, जिससे भारत वैश्विक स्तर पर



सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया है, जिसमें उम्मीद से कम अस्थिरता और स्थिर विकास है। बेंचमार्क इंडेक्स में 10-12 प्रतिशत के सुधारात्मक चरण के बाद इक्विटी बाजार अब कंसोलिडेशन फेज में हैं।

रिपोर्ट में बताया गया है कि हालिया बाजार सुधार के साथ, लार्ज-कैप वैल्यूएशन अट्रैक्टिव बने हुए हैं। निवेशक हाइब्रिड, लार्ज और फ्लेक्सी-कैप फंडों के लिए एकमुश्त स्ट्रैटेजी अपना सकते हैं, जबकि चुनिंदा मिड- और स्मॉल-कैप रणनीतियों के लिए तीन महीने में चरणबद्ध दृष्टिकोण अपना सकते हैं।

38 कारोबारी सत्रों के बाद एफआईआई ने 9,947 करोड़ रुपये का निवेश कर शुद्ध खरीदार का रुख अपनाया।

रिपोर्ट में कहा गया है, भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में बनी हुई है और धीरे-धीरे विकास के पटरी पर लौटने के संकेत दिख रहे हैं। इसलिए, हम दीर्घावधि के नजरिए से इक्विटी बाजारों पर सकारात्मक बने हुए हैं। इसने निवेशकों को संतुलित और लचीली रणनीति अपनाकर सावधानी से आगे बढऩे की सलाह दी। रिपोर्ट के अनुसार, हाल के सुधारों को ध्यान में रखते हुए, यदि इक्विटी अलोकेशन वांछित स्तरों से कम है, तो निवेशक हाइब्रिड, लार्ज और फ्लेक्सीकैप रणनीतियों के लिए एकमुश्त निवेश स्ट्रैटेजी लागू कर सकते हैं और सार्थक सुधार की स्थिति में तुरंत डेप्लॉयमेंट के साथ चुनिंदा मिड और स्मॉल-कैप रणनीतियों के लिए 3 से 6 महीने की अवधि लागू करके आवंटन बढ़ा सकते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत, गाबा टेस्ट: स्टीव स्मिथ ने जड़ा 33वां टेस्ट शतक, बनाए रिकॉर्ड्स

नईदिल्ली

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने अपनी खोई हुई फॉर्म प्राप्त कर ली है।भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ गाबा में खेले जा रहे सीरीज के तीसरे टेस्ट में उन्होंने कमाल की शतकीय पारी (101) खेली है।यह उनके टेस्ट करियर का 33वां और भारतीय टीम के खिलाफ 10वां शतक रहा। साल 2024 में यह उनका पहला टेस्ट शतक है।ऐसे में आइए उनकी पारी और आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।

स्मिथ ने 185 गेंदों का सामना करते हुए शतक पूरा किया। शुरुआती ओवरों में इस खिलाड़ी पर भारतीय गेंदबाजों ने दबाव बनाया, लेकिन जैसे ही स्मिथ की नजरें जमीं उन्होंने आकर्षक शॉट लगाना शुरू कर दिया।एक समय ऑस्ट्रेलिया के 3 बल्लेबाज सिर्फ 75 रन पर पवेलियन में थे। यहां से स्मिथ ने ट्रेविस हेड के साथ मिलकर पारी संभाली।हेड के साथ स्मिथ ने 302 गेंदों में 241 रनों की साझेदारी निभाई। उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके लगाए।

स्मिथ के टेस्ट करियर का यह 33वां शतक है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ और न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को पीछे छोड़ दिया है। दोनों बल्लेबाजों ने 32 टेस्ट शतक लगाए हैं।स्मिथ ने इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज एलिस्टेयर कुक की बराबरी कर ली है। कुक ने अपने टेस्ट करियर में 161 मैच खेले थे और इसकी 291 पारियों में 33 शतक लगाने में कामयाब रहे थे।वॉ ने 168 टेस्ट मैचों में 32 शतक लगाए थे।

स्मिथ अब ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। पहले स्थान पर रिकी पोंटिग हैं। उन्होंने 168 टेस्ट की 287 पारियों में 41 शतक लगाए थे। स्मिथ अब 33 शतक के साथ दूसरे स्थान पर हैं।सक्रिय खिलाडिय़ों में स्मिथ से ज्यादा शतक सिर्फ इंग्लैंड के जो रूट ने लगाए हैं। उनके बल्ले से 152 टेस्ट में 36 शतक निकले हैं।विराट कोहली के नाम टेस्ट में 30 शतक है।

स्मिथ संयुक्त रूप से भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। रूट ने 55 पारियों में भारतीय टीम के खिलाफ 10 टेस्ट शतक लगाए हैं।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में स्मिथ भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी बने हैं। उन्होंने पोटिंग को पीछे छोड़ दिया है।पोटिंग ने भारत के खिलाफ 14 शतक लगाए थे। स्मिथ के अब 15 शतक हो गए हैं।

# गाबा टेस्ट: मजबूत स्थिति में पहुंची ऑस्ट्रेलिया टीम, दूसरे दिन बने रिकॉर्ड्स

नईदिल्ली

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच गाबा में तीसरा टेस्ट खेला जा रहा है। मुकाबले का दूसरा दिन समाप्त हो गया है। कंगारू टीम ने 7 विकेट खोकर 405 रन बना लिए हैं।एलेक्स कैरी (45*) और मिचेल स्टार्क (7*) अभी नाबाद हैं। कंगारू टीम के लिए ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ ने शानदार शतकीय पारी खेली।भारत के जसप्रीत बुमराह ने अच्छी गेंदबाजी की और 5 विकेट लिए। आइए दिन के खेल पर नजर डालते हैं।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले दिन 13.2 ओवर का ही खेल हो पाया था। एक समय कंगारू टीम के 3 बल्लेबाज सिर्फ 75 रन पर पवेलियन में थे।यहां से स्मिथ (101) और हेड (152) ने पारी संभाली और दोनों के बीच 302 गेंदों में 241 रन की साझेदारी हुई।भारत के लिए बुमराह ने 5 विकेट लिए। मोहम्मद सिराज और नितीश रेड्डी के खाते में 1-1 विकेट आए।

हेड ने 115 गेंदों का सामना करते हुए शतक पूरा किया। उन्होंने 160 गेंदों का सामना किया और 152 रन बनाए। उनके बल्ले से 18 चौके निकले। यह उनके टेस्ट करियर का 9वां और भारतीय टीम के खिलाफ तीसरा शतक है।गाबा के मैदान पर भारत के खिलाफ टेस्ट शतक लगाने वाले हेड 5वें ऑस्ट्रेलियाई हैं। उनसे पहले मार्नस लाबुशेन, जस्टीन लेंगर, स्मिथ और डॉन ब्रैडमैन ने यह कारनामा किया है।एडिलेड टेस्ट में भी हेड ने शतक लगाया था।

स्मिथ ने 190 गेंदों में 101 रन बनाए। उनके बल्ले से 12 चौके निकले। यह उनके टेस्ट करियर का 33वां और भारतीय टीम के खिलाफ 10वां शतक रहा।साल 2024 में यह उनका पहला टेस्ट शतक है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में स्मिथ भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी बने हैं।उन्होंने रिकी पोटिंग को पीछे छोड़ दिया है। पोटिंग ने भारत के खिलाफ 14 शतक लगाए थे। स्मिथ के अब 15 शतक हो गए हैं। स्मिथ के टेस्ट करियर का यह 33वां शतक है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ और न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को पीछे छोड़ दिया है।

## आज का राशिफल

***मेष-*** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सफल होंगे, घर के लिए कुछ नये सामान की खरीदारी करेंगे।आज अपनी योग्यता और सामर्थ्य को पहचाने तथा समय का उचित सदुपयोग करेंगे ।

***वृष-*** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज परिवार वालों का सहयोग प्राप्त होगा। आपके कुछ मित्र मददगार साबित होंगे।आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ़ होगी।आपकी कार्यक्षमता में बढ़ोतरी होगी।

***मिथुन-*** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपका मान- सम्मान बढ़ेगा। आपका हर काम को बहुत अधिक सोच-विचार कर करना आपको सफलता देगा। किसी मित्र की मदद से उलझे कार्य सुलझ जाएंगे।

***कर्क-*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा।जीवनसाथी की सलाह व सहयोग आपके लिए लाभदायक रहेंगे। आज काम का बोझ अधिक हो सकता है, लेकिन आप किसी काम के लिए जितना ज्यादा प्रयास करेंगे, काम उतना ही बेहतर तरीके से होगा।

***सिंह-*** आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी।आप आसपास के लोगों के सहयोग से घरेलु कार्य पूरा करने में सफल होंगे।आपको माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

***कन्या-*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा।आज आपको आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। आपको यात्रा से लाभ होगा।आज किसी मुश्किल मुकाम को मेहनत और परिश्रम से हासिल कर लेंगे, सिर्फ हर किसी पर भरोसा ना करें और अपने काम से ही मतलब रखें।

***तुला-*** आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियाँ लाया है। आपका दिन परिवार वालों के साथ बीतेगा।आज आपकी मेहनत व प्रयास के सार्थक परिणाम सामने आएंगे।

***वृश्चिक-*** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपका काम करने का जुनून आपको निश्चित ही जल्द कोई उपलब्धि हासिल करवाएगा, लेकिन कोई भी बड़ा सौदा करने से पहले उसकी पूरी जांच पड़ताल अवश्य करें।

***धनु-*** आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। कार्यस्थल पर काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा। आज जीवनसाथी आपकी बहुत तारीफ करेंगे। आज किसी खास निर्णय को लेकर कुछ दिक्कत आ सकती है, अनुभवी व्यक्ति की सलाह से उनका निवारण भी होगा।

***मकर-*** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी। आज किसी भी कार्य को लेकर थोड़ी सी सतर्कता रखने से आप कई परेशानियों से बच सकते हैं। आज आप अपनी मेहनत और योग्यता से निश्चित ही सफलता हासिल करेंगे।

***कुंभ-***आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज ऑफिस के सहकर्मी आपके कामों में सहयोग करेंगे, आपका काम जल्दी पूरा हो जायेगा । आज कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय अपने बजट का भी ध्यान रखें।

***मीन-*** आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। पारिवारिक कामों को करने में घर के सदस्यों का सहयोग मिलेगा।अपने दोस्तों से निजी समस्याओं को शेयर करने से बचना चाहिए। पिछली कुछ समय से चल रही किसी समस्या का समाधान आज मिल सकता है।

# अक्षय कुमार ने लॉन्च किया मोहनलाल की बारोज का ट्रेलर

## खिलाड़ी कुमार ने की दृश्यम एक्टर की तारीफ



बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार ने मोहनलाल की अपकमिंग फैंटेसी ड्रामा बारोज: गार्डियन ऑफ ट्रेजर का हिंदी ट्रेलर लॉन्च किया. ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अक्षय ने बताया कि उन्होंने मोहनलाल की ज्यादातर फिल्में देखी हैं. जबकि मोहनलाल ने इवेंट में शामिल होने के लिए अक्षय को धन्यवाद दिया. वहीं अक्षय ने भी मोहनलाल की तारीफों के पुल बांधे.

इस इवेंट में अक्षय ने मलयालम सुपरस्टार की खूब तारीफ की. उन्होंने कहा, हर किसी की तरह मैं भी मोहन सर का फैन हूं और मैंने उनकी कई फिल्में देखी हैं. मैंने वह फिल्म भी देखी जिसे मेरे सबसे अच्छे दोस्त प्रियदर्शन ने निर्देशित किया था. दृश्यम एक्टर मोहनलाल ने अपने बिजी शेड्यूल से टाइम निकालने और बारोज का हिंदी ट्रेलर लॉन्च करने के लिए अक्षय को धन्यवाद दिया.

बारोज में मोहनलाल एक फ्रेंडली भूत के रोल में हैं इस फिल्म से वे निर्देशन में भी कदम रखने जा रहे हैं. ट्रेलर काफी खूबसूरत है यह डिज्नी वर्ल्ड की याद दिलाता है. कहानी एक ऐसे खजाने की है जो एक महल में थिपा है और मोहनलाल इसे बचाते हैं. दिलचस्प बात यह है कि इस खजाने को एक लडक़ी ही निकाल सकती है और मोहनलाल (भूत) को सिर्फ यह लडक़ी ही देख सकती है. ट्रेलर काफी शानदार है और इसे देखने से पता चलता है कि फिल्म जादू, ड्रामा, इमोशन और रहस्य है - वह सब कुछ जो एक फैमिली फिल्म में होना चाहिए.

# रेड 2 की रिलीज तारीख फिर बदली, अजय देवगन ने बताया कब पर्दे पर आएगी फिल्म

अजय देवगन के पास इस समय सीक्वल फिल्मों की भरमार है. ऐसे में उनकी फिल्म रेड के सीक्वल का फैंस पलकें बिछाकर इंतजार कर रहे हैं. पहले रेड 2 इसी साल यानी 2024 में ही रिलीज होने वाली थी. हालांकि मेकर्स ने कई कारणों से फिल्म की रिलीज डेट पोस्टपोन कर दी. लेकिन अब अजय देवगन ने खुद अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म रेड 2 की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है.



अजय देवगन ने रेड 2 का एक पोस्टर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है. इसके साथ कैप्शन में उन्होंने लिखा है- आईआरएस अमय पटनायक का अगला मिशन मई 2025 से शुरू! रेड 2, 1 मई 2025 को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है.

रेड 2 को राज कुमार गुप्ता ने पनोरमा स्टूडियो के बैनर तले डायरेक्ट किया है.

# सर्दियों में त्वचा पर होने वाली खुजली को शांत कर सकते हैं ये घरेलू नुस्खे

सर्दियों के मौसम में ठंडी हवा चलती है, जो हमारी त्वचा को रूखा और शुष्क बना देती है। इसके कारण त्वचा पर खुजली होने लगती है और त्वचा छिलने भी लगती है।इस समस्या से निपटने के लिए त्वचा को महज मॉइस्चराइज करना काफी नहीं होता है। सर्दी के दौरान त्वचा की देखभाल करते हुए खुजली को मिटाने के लिए आपको ये घरेलू नुस्खे अपनाने चाहिए।

**ओट्स वाले पानी से नहाएं-** आप त्वचा पर होने वाली खुजली को शांत करने के लिए ओट्स वाले पानी से नहा सकते हैं। इस खाद्य पदार्थ में प्राकृतिक एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं, जो त्वचा की समस्याओं को ठीक कर सकते हैं।पानी को गर्म करने के बाद उसमें ओट्स डालें और कुछ देर उबलने दें। जब पानी गुनगुना हो जाए, तो उससे नहा लें।ओट्स के एंटी-ऑक्सीडेंट गुण त्वचा पर एक सुरक्षात्मक परत बना देते हैं, जिसके कारण त्वचा नमी युक्त बन जाती है।

**नारियल तेल लगाएं-** कई लोग सर्दियों के मौसम में त्वचा को मॉइस्चराइज करने के लिए क्रीम की जगह नारियल तेल का इस्तेमाल करते हैं। इस पदार्थ के जरिए आप त्वचा पर होने वाली खुजली को भी शांत कर सकते हैं।यह एक प्राकृतिक इमोलिएंट होता है, जो शुष्क त्वचा को हाइड्रेशन प्रदान करता है। साथ ही, इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण भी पाए जाते हैं।नहाने के तुरंत बाद नारियल तेल इस्तेमाल करें या उससे त्वचा की मालिश करें।

**एलोवेरा जेल भी आएगा काम-** एलोवेरा के पौधे से निकलने वाले ताजे जेल को लोग सदियों से त्वचा की देखभाल के लिए उपयोग करते हैं। इसे लगाने से त्वचा की सूजन दूर करने, शुष्कता मिटाने और खुजली को कम करने में मदद मिल सकती है।एलोवेरा जेल को अपनी त्वचा पर लगाएं और उसे अच्छी तरह से अवशोषित होने दें। आप बाजार में मिलने वाले एलोवेरा जेल से बने उत्पाद भी इस्तेमाल कर सकते हैं।सर्दियों में संवेदनशील त्वचा की देखभाल करने के तरीके।

**नहाने के लिए गुनगुने पानी का करें इस्तेमाल-** सर्दियों में लोग गर्म पानी से नहाते हैं, जो त्वचा को शुष्क बनाने में योगदान देता है। ऐसे में त्वचा के प्राकृतिक तेलों को बनाए रखने के लिए आपको गर्म पानी के बजाय गुनगुने पानी से नहाना चाहिए।इसके अलावा, नहाने के समय को भी कम करें और उसके लिए केवल 10 से 15 मिनट ही लें।

## शब्द सामर्थ्य- 267

**बाएं से दाएं**
1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**
1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| 8 | | | ■ | 9 | | | | ■ |
| 10 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ | 11 |
| | ■ | 12 | | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | 15 | ■ | | ■ | 16 | 17 | | |
| ■ | | ■ | 18 | | | | ■ | ■ |
| 19 | | | | ■ | | ■ | 20 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 266 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | ■ |
| प | ■ | ति | ■ | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| र | ह | मा | न | ■ | ■ | ■ | ■ | आ |
| वा | ■ | ■ | मि | थु | न | ■ | दा | स |
| ह | वा | ला | त | ■ | सी | ता | ■ | पा |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | ■ | म | ■ | त | ■ | ■ |
| ला | ■ | बे | च | ना | ■ | व | च | न |
| द | ह | ला | ■ | ना | ग | र | ■ | दी |

## सू-दोकू- 267

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.266 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |